राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 17 सितम्बर 2018

आज महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने राजभवन पहुँचकर शिष्टाचार मुलाकात की।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन को स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्त्वपूर्ण योजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि संचालित सभी योजनाओं का सतत सघन अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य–सुविधाओं को सूदूरवर्त्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन–जन तक पहुँचाने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है।

आज महामहिम से शिष्टाचार–मुलाकात करनेवालों में बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो॰ रामकिशोर सिंह, टी॰एम॰ भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ नलिनीकांत झा, 'बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार' के उपाध्यक्ष श्री व्यास जी आदि प्रमुख थे।

....